Roll No. ..................

# 005/A

Total No. of Questions : 16] [Total No. of Printed Pages : 4

**SS**

**2320**

**वार्षिक परीक्षा प्रणाली**

**HINDI (Elective)**

**(Evening Session)**

Time allowed : Three hours Maximum marks : 90

*नोट : (i) अपनी उत्तर-पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर विषय-कोड/पेपर-कोड वाले खाने में विषय-कोड/पेपर-कोड* **005/A** *अवश्य लिखें।*

*(ii) उत्तर-पुस्तिका लेते ही इसके पृष्ठ गिनकर देख लें कि इसमें टाइटल सहित 30 पृष्ठ हैं एवं सही क्रम में हैं।*

*(iii) उत्तर-पुस्तिका में खाली छोड़े गये पृष्ठ/पृष्ठों के पश्चात् हल किए गए प्रश्न/प्रश्नों का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।*

*(iv) कोई अतिरिक्त शीट नहीं मिलेगी। अतः उत्तर आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा हुआ उत्तर न काटें।*

*(v) प्रश्न का उत्तर समाप्त होने पर एक लाइन लगा दें।*

*(vi) लिखाई सुन्दर एवं साफ हो।*

*(vii)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

**भाग-क**

1. (i) निम्नलिखित पदों का समास करें :

देश का वासी 1

(ii) 'रसोई घर' पद के निम्नलिखित विकल्पों में से सही समास-विग्रह विकल्प को चुनें :

(क) रसोई का घर (ख) रसोई के लिए घर

(ग) रसोई में घर (घ) रसोई से घर 1

(iii) निम्नलिखित वाक्य में सही अथवा गलत चुनकर लिखें : 1

'मालगाड़ी' शब्द का समास विग्रह होगा – 'माल की गाड़ी'

(iv) निम्नलिखित वाक्य में सही अथवा गलत चुनकर लिखें :

'हम पिछले साल तुम्हें चंडीगढ़ में मिले थे।' इस वाक्य में 'हम' पद का पद परिचय इस प्रकार होगा :

'हम'-पुरुषवाचक सर्वनाम, उत्तम पुरुष, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्ता कारक 1

(v) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी की नायिका का नाम लिखें। 1

(vi) 'साँप' कविता के कवि का नाम लिखें। 1

(vii) कवि केशव की किसी रचना का नाम लिखें। 1

(viii) किसी प्रगतिवादी कवि का नाम लिखें। 1

(ix) 'सोरठा' छंद के तीसरे चरण में कितनी मात्राएं होती है ? 1



https://www.punjabboardonline.com

(x) निम्नलिखित कथन में रिक्त स्थान की पूर्ति करें :

जहाँ एक वस्तु की तुलना किसी दूसरी प्रसिद्ध वस्तु के साथ की जाये, वहाँ ---- अलंकार होता है ? 1

1×10=10

भाग-ख

2. (क) निम्नलिखित में से किसी **एक** पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(i) चरण कमल बन्दौ हरि राई।
जाकी कृपा पंगु गिरि लंघै, अंधे को सब कछु दरसाई।
बहिरौ सुनै मूक पुनि बोलै, रंक चलै सिर छत्र धराई।
सूरदास स्वामी करुणामय, बार बार बन्दौ तिहिं पाई।।

(ii) देह सिवा बर मोहि इहै, सुभ कर्मन ते कबहूँ न टरों।
न डरों अरि सों जब जाइ लरों, निसचे करि अपनी जीत करों।
अरु सिख हों अपने ही मन को, इह लालच हउ गुन तउ उचरों।
जब आवकी अउध निदान बनै, अति ही रन मै तब जूझ मरों।। 1+4=5

(ख) निम्नलिखित में से किसी **एक** पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(i) अविरत दुःख है उत्पीड़न
अविरत सुख है उत्पीड़न
दुःख-सुख की निशा-दिवा में
सोता-जागता जग-जीवन।

(ii) अब शहर .......
सड़कें .......गलियाँ हैं
खो गए हैं पर्वत भी
जो गुपचुप आवाज़ देते थे मुझे
तो मैं थकी हारी
धूल सने पाँव सहित ......
उसकी आगोश में सिमट जाती थी। 1+4=5

3. (क) निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लगभग 50 शब्दों में दीजिए :

(i) सूरदास ने बाल क्रीड़ा का मनोवैज्ञानिक रूप से कैसे वर्णन किया है ?

(ii) बिहारी के सौन्दर्य चित्रण में श्री कृष्ण की तुलना किससे की गई है ? 3



https://www.punjabboardonline.com

(ख) निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लगभग 50 शब्दों में दीजिए :

(i) 'याचना' कविता में कवि ने प्रभु से क्या वरदान माँगा है ?

(ii) 'अंधेरे का दीपक' कविता का सार लिखो। 3

**4.** निम्नलिखित में से किसी **एक** गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(i) एक गम्भीर दौड़ छिड़ गई है। हर कोई एक दूसरे से आगे बढ़ने की होड़ में है। यह दौड़ कछुए और खरगोश की नहीं, बल्कि सिर्फ खरगोशों की दौड़ है।

(ii) बैठे-बैठाये यह हत्या कहाँ से लगी। अब तो शराब न पीने की मुझे भी सौगंध लेनी पड़ी। 1+4=5

**5.** निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए :

(i) 'वापसी' एकाँकी श्री उदयशंकर भट्ट का मानवीय संबंधों के खोखलेपन पर एक व्यंग्य है, व्याख्या करें।

(ii) 'तत्सत्' कहानी का सार अपने शब्दों में लिखें। 5

**6.** निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लगभग 50 शब्दों में दीजिए :

(i) समय नहीं मिला निबंध से आपको क्या शिक्षा मिलती है ?

(ii) जलियाँवाले बाग में सभा का आयोजन किस उद्देश्य से किया गया ? 3

**7.** निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लगभग 50 शब्दों में दीजिए :

(i) 'मधुआ' कहानी का नामकरण कहाँ तक सार्थक है ?

(ii) शिकारी जन पुनः वन में आए तो पशु और वनस्पतियाँ भड़क उठीं, क्यों ? 3

**8.** निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लगभग 50 शब्दों में दीजिए :

(i) 'वापसी' एकांकी का प्रमुख पात्र कौन है ? स्पष्ट करते हुए उसका चरित्र-चित्रण करें।

(ii) 'रीढ़ की हड्डी' किसका प्रतीक है ? इसका अपने शब्दों में वर्णन करें। 3

## भाग-ग

**9.** निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए :

(i) रीतिकाल की धार्मिक परिस्थितियों का वर्णन कीजिए।

(ii) कवि बिहारी का साहित्यिक परिचय दीजिए। 5

**10.** निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए -

(i) आधुनिक काल की आर्थिक परिस्थितियों का वर्णन कीजिए।

(ii) भारतेन्दु युग के साहित्य की किसी एक विशेषता का वर्णन कीजिए। 5



https://www.punjabboardonline.com

## भाग-घ

**11.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबन्ध लिखें -

(i) श्री गुरु नानक देव (ii) बेरोज़गारी

(iii) मानवाधिकार (iv) पुस्तकालय और उसके लाभ 2+6+2=10

## भाग-ङ

**12.** निम्नलिखित पंजाबी गद्यांश का हिन्दी में अनुवाद कीजिए :

ਮੇਲਿਆਂ ਵਿੱਚ ਜਾਤੀ ਖੁੱਲ੍ਹ ਕੇ ਸਾਹ ਲੈਂਦੀ ਲੋਕ-ਪ੍ਰਤਿਭਾ ਨਿਖਰੱਦੀ ਤੇ ਚਰਿੱਤਰ ਦਾ ਨਿਰਮਾਣ ਹੁੰਦਾ ਹੈ। ਮਨ-ਪਰਚਾਵੇ ਤੇ ਮੇਲ-ਜੋਲ ਦੇ ਸਮੂਹਿਕ ਵਸੀਲੇ ਹੋਣ ਨਾਲ਼ ਮੇਲੇ ਧਾਰਮਿਕ ਤੇ ਕਲਾਤਮਿਕ ਭਾਵਾਂ ਦੀ ਵੀ ਤ੍ਰਿਪਤੀ ਕਰਦੇ ਹਨ। ਇਹਨਾਂ ਵਿੱਚ ਜਾਤੀ ਦਾ ਸਮੁੱਚਾ ਮਨ ਤਾਲ ਬੱਧ ਹੋ ਕੇ ਨੱਚਦਾ ਤੇ ਇੱਕਸੁਰ ਹੋ ਕੇ ਗੂੰਜਦਾ ਹੈ। 5

**13.** निम्नलिखित अंग्रेज़ी शब्दों में से किन्हीं **चार** के हिन्दी में पर्याय लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए -

(i) LABOUR (ii) MAJORITY (iii) PANEL

(iv) QUALITY (v) WITHOUT DELAY (vi) WORKSHOP $1\frac{1}{2}\times4=6$

**14.** निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए -

(i) आपका नाम विजय दीनानाथ चौहान है। आप मकान नम्बर 345, सेक्टर 5, करनाल में रहते हैं। आपका मोबाइल नम्बर 836366268 है। आपका सेक्टर-13 करनाल में 8 मरले का एक प्लॉट है। आप इसे बेचना चाहते हैं। 'प्लॉट बिकाऊ है' शीर्षक के अन्तर्गत विज्ञापन का प्रारूप तैयार करके लिखिए।

(ii) आपका नाम जगदीश सिंह है। आप सरकारी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल रोपड़ के ड्रामा क्लब के डायरेक्टर हैं। आपके स्कूल में 25 मई, 2020 को एक ऐतिहासिक नाटक का मंचन क्रिया जाना है जिसका नाम है 'रानी लक्ष्मीबाई'। आप इस सम्बन्ध में एक सूचना तैयार करें जिसमें विद्यार्थियों को उपर्युक्त नाटक में भाग लेने के लिए नाम लिखवाने के लिए कहा गया हो। 4

## भाग-च

**15.** निम्नलिखित में से किसी **एक** छंद का लक्षण एवं उदाहरण लिखिए -

(i) सवैया (ii) चौपाई 5

**16.** निम्नलिखित में से किसी **एक** अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए :

(i) श्लेष (ii) अनुप्रास 5



https://www.punjabboardonline.com